# कछुआ चाल चल रहा स्मार्ट सिटी का काम

**खास बातें**
- जगह जगह मची कीचड़,हाल बेहाल
- बीत गए 5 वर्ष, स्थिति ज्यों की त्यों

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 26 दिसम्बर, गंजबासौदा मिनी स्मार्ट सिटी की हालत यह है कि त्योंदा रोड के आसपास मिनी स्मार्ट सिटी का कार्य पिछले 5 वर्षों से कछुआ गति से चल रहा है. महीनों तक निर्माण कार्य बंद रहता है. फिर थोड़ा बहुत काम शुरू हो जाता है.यह स्थिति बनी हुई है.इस सड़क के आसपास दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखे हैं. इससे निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है.**



नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस भी दिए गए ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया अतिक्रमण हटाने के लिए इसके बाद भी दुकानदारों पर असर नहीं पड़ रहा है इसके साथ ही दुकानों के आगे वाहन खड़े रहते हैं.ट्रैक्टर ट्राली वाले सामान खरीदते हैं और ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़ी कर देते हैं.दुकानदारों के वाहन भी दुकानों के आगे खड़े रहते हैं जगह-जगह कीचड़ मची हुई है.गद्ढा धूल के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. यातायात व्यवस्था भी गड़बड़ा रही है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है यातायात पुलिस कर्मी ध्यान नहीं दे रहे हैं सब कुछ देखते हुए भी गली दबाकर निकल जाते हैं.दुकानदार अनेकों बार शिकायत भी कर चुके हैं. नगर पालिका परिषद द्वारा भी दुकानदारों को समझाया जा रहा है कि वह दुकानों के आगे वाहन खड़े न होने दे और न स्वयं खड़े करें.परंतु किसी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है.नगर पालिका प्रशासन को कड़ाई से कार्यवाही करना होगी तभी निर्माण कार्य जो अधूरे पड़े हैं वह हो सकेंगे और आवा गमन में लोगों को सुविधा मिलेगी.

## बस में ले जा रहे संदिग्ध मांस को पकड़ा, जांच जारी

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** पथरिया क्षेत्र में सिरोंज से कुरवाई की ओर जा रही एक बस में थैली में रखे संदिग्ध मांस को पुलिस ने पकड़ा है. फिलहाल मामले में जांच की जा रही है. तथा मांस की जांच कराई जा रही है. जिसके बाद ही सही जानकारी सामने आ सकेगी.सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पथरिया क्षेत्र में शुक्रवार को एक बस में थैली में रखकर मांस ले जाने की सूचना मिली. सूचना पर पुलिस के साथ ही विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंचे. वहीं आसपास लोगों की भीड़ लग गई. इस दौरान थैली में रखा संदिग्ध मांस मिला. जानकारी के अनुसार पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है. तथा मांस की जांच कराई जा रही है. जिसके बाद ही सही जानकारी सामने आ सकेगी. तथा मांस के बारे में पता चल सकेगा.



## गुलाबगंज में लगा नि :शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर,100 लोगों का हुआ परीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज,** शुक्रवार को गुलरखेड़ी के सामुदायिक भवन में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन निवारण हेल्थ केयर सेंटर के द्वारा किया गया. जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया इस दौरान विदिशा के सुप्रसिद्ध डॉक्टर विकास जैन एवं डॉक्टर अपेक्षा जैन ने मरीजों का परीक्षण किया शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग ,बीपी , शुगर, सॉस रोग,थायराइड ,दंत रोग से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया गया , परीक्षण कराने 100 मरीज का शिविर के माध्यम से परामर्श दिया गया.साथ ही शुगर ,ईसीजी,एवं खून की जांच नि:शुल्क की गई.

## न्यायिक कार्य होंगे आसान, खबर से लोगों में खुशी

**शमशाबाद में न्यायालय भवन निर्माण से क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहत**



**नवभारत न्यूज**
**शमशाबाद,महानीम चौराहा पर सिविल न्यायालय भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से आसपास के लोगों को न्यायिक कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी. इसके लिए आवंटित भूमि का स्थल निरीक्षण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एचपी वंशकार एवं एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल द्वारा किया गया.**

एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि महानीम चौराहा के समीप मोहनपुरा क्षेत्र में खसरा नंबर 137 पर व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के न्यायालय भवन एवं न्यायाधीश आवास निर्माण हेतु 4 बीघा भूमि आवंटित की गई है. अधिकारियों ने भूमि की स्थिति व पहुंच मार्ग का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.शमशाबाद में न्यायालय बनने की खबर लगते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है.लोगों का कहना है कि न्यायालय की स्थापना से न्याय प्राप्त करना आसान होगा और समय व धन की भी बचत होगी.पहले शमशाबाद क्षेत्र के लोगों को गंज बासौदा न्यायलय में जाना पड़ता था.महानीम चौराहा पर बनने से ग्रामीणों को सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक आवागमन की सुविधा मिल सकेगी.इस अवसर पर नायब तहसीलदार डॉ. दर्शनलाल नेगी एवं थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे.

# ग्राम पंचायत बींझ में नियमों की अनदेखी

**सादा बिल-बाउचर पर 60 हजार रुपए की मजदूरी का भुगतान**

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन 26 दिसम्बर,जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बींझ में वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है. पंचायत द्वारा 9 अक्टूबर 2025 को मात्र सादा बिल-बाउचर के आधार पर 60 हजार रुपए की मजदूरी का भुगतान कर दिया गया, जो शासन के निर्धारित नियमों के पूर्णतः विरुद्ध है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस बिल-बाउचर पर यह भुगतान किया गया, उसमें न तो कोई बिल नंबर अंकित है और न ही मजदूरों की नामवार सूची संलग्न की गई है.नियमों के अनुसार मजदूरी भुगतान के लिए मजदूरों की उपस्थिति पत्रक, नाम सूची, कार्य विवरण एवं विधिवत बिल नंबर का होना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में इन सभी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज किया गया.बिल-बाउचर में आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर 60 हजार रुपए की राशि किसे और किस कार्य के एवज में भुगतान की गई. इससे पंचायत के वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो गया है.स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में पहले भी इस तरह की अनियमितताएं सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई.ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत नटेरन एवं संबंधित विभाग इस गंभीर वित्तीय अनियमितता पर क्या कदम उठाते हैं या फिर मामला कागजों में ही दबकर रह जाएगा.

## नाबालिक से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पठारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया.थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 5 वर्षीय बच्ची के साथ उसके रिश्तेदार युवक द्वारा गलत कार्य करने का प्रयास किया गया फरियादी की रिपोर्ट पर पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया.**पुलिस ने तकनीकी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आदित्य अहिरवार निवासी ग्राम बड़ोह, थाना पठारी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.कार्यवाही में थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी प्रधान आरक्षक राजकुमार आरक्षक चंद्रहास मालवीय आरक्षक सौरभ दीक्षित एवं आरक्षक शैलेंद्र दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## माधव ट्रॉफी में होंगे रोचक मुकाबले

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में माधव ट्रॉफी के अंतर्गत प्रथम लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 27 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक उत्कृष्ट स्कूल ग्राउण्ड पर किया जा रहा है. जिसको लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. माधव ग्रुप के संरक्षक राहुल त्यागी ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपए एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की जावेगी. इसके साथ ही मैन ऑफ सेमी फाईनल, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, मैन ऑफ द सीरिज, मैन ऑफ द मैच फाईनल के भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे. प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से 16 टीमें भाग लेंगी. जिनके बीच रोचक मुकाबलें देखने को मिलेंगे. जिनमें अंबती रॉयल उज्जैन, स्टार क्रिकेट क्लब छबड़ा, सर क्रिकेट क्लब बदरवास, सॉई एकेडमी गुना, भौमिक 11 बिलासपुर, जमशेदपुर 11 जमशेदपुर, यूथ क्रिकेट क्लब पिपरिया, विदिशा - 11 विदिशा, मयंक एकेडमी गैरतगंज, एस.बी.आई. सिरोंज, आदि शक्ति नरसिंगपुर, अभिषेक धाकड़ शिवपुरी, रोहित गोस्वामी महाराष्ट्र, रवि तेवतिया हरियाणा, ग्रे एलिफेन्ट गुड़गांव एवं जुनैद 11 जलगांव महाराष्ट्र की टीम शामिल

### एक नजर में

**जरुरतमंदों को बांटे कंबल**

**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़,** शेयर एंड केयर वेलफेयर सोसायटी भोपाल के प्रेसिडेंट सैयद सोहेल हसन ने बताया कि वो लगभग 40 साल से सेवा का काम कर रहे हैं.शेयर एंड केयर वेलफेयर सोसायटी द्वारा हैदरगढ़ में आयोजित सेंटर में पहुंचकर गरीबों कंबल बांटे तथा हैदरगढ़ सेंटर में 80 से 85 बच्चे पढ़ाई एवं महिलाएं सिलाई सेंटरो में सिलाई सीख रही है और बच्चों को अच्छी बाते सिखाकर जागरूक किया जा रहा है आज सेंटर पर हैदरगढ़ थाना प्रभारी रोहित कौरव को आमंत्रित किया गया. एवं सेंटर पहुंचकर अपना सहयोग दिया शेयर एंड केयर वेलफेयर सोसायटी हैदरगढ़ ब्रांच का स्टाफ सोसाइटी ब्रांच हैदरगढ़ के स्टाफ शमा शा फरहीन खान एवं प्रेसिडेंट सैयद सोहेल हसन ने कहा कि बेटियों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाए और और यह सब मदद डोनर्स द्वारा कि जाती है उन्होंने डोनर्स का शुक्रिया अदा किया.

**उपजेल में लगा नेत्र जांच शिविर**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,**उपजेल में गंजबासोदा में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा उपजेला में नेत्र परीक्षण शिविर जिला विधिक सेवा समिति के सचिव एवम न्यायाधीश वरिष्ठ खंड नितेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में डॉक्टर दिनेश दुबे द्वारा 70 से अधिक केदियो के नेत्र की जाँच कर उन्हें दवाई दी गई एवं 15से अधिक मरीजों के चश्मे के नंबर निकाल कर दिए गए. 2 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया एवं 1 मरीज को नाखुना चिन्हित किया गया.इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश नितेंद्र सिंह तोमर उक्त आयोजन को सरहानीय बतलाते हुए कहां की नेत्र परिक्षण शिविर जिले की प्रत्येक जेल में लगाने का सुझाव दिया. इस अवसर पर संस्थान द्वारा न्यायाधीश तोमर, जेलर आलोक कुमार भार्गव एवं डॉक्टर दिनेश दुबे को शाल पहनाकर सम्मान किया गया. सचालन अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने किया आभार सुनील बाबू पिंगले ने किया.

## सांदीपनि विद्यालय में देशभक्ति से ओतप्रोत हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,**वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सपूतों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए महिला एवं बाल विकास परियोजना बासौदा के तत्वावधान में सीएम राइज संदीपनी विद्यालय, गंजबासौदा में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत वीर बाल दिवस विषयक प्रश्नोत्तरी, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित विविध सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.




कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बी.पी. सिंह तथा विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी का विशेष योगदान रहा.इस अवसर पर पर्यवेक्षक श्रीमती स्वर्णिमा सोनी ने भारत के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सपूतों की असाधारण वीरता एवं बलिदान का स्मरण कराया.वहीं पर्यवेक्षक श्रीमती भारती दांगी ने मुगलों के अत्याचारों की पृष्ठभूमि में शहादत, नैतिकता, साहस और धर्म-रक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की उपप्राचार्य श्रीमती रत्ना देशपांडे ने वीर बाल दिवस की शुरुआत, इसके उद्देश्य एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया.

## डीपीएस स्कूल का मना वार्षिक उत्सव

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में समाहित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में क्रिकेटर ब्रजेश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में एवं शिव नारायण शर्मा सदस्य ओलंपिक संघ विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ.**

हमेशा की तरह इस वर्ष भी कुछ नया करने की चाह में स्पोर्ट्स थीम पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल के छात्रों ने खेल जगत की जानी मानी हस्तियों जैसे मैरी कोम, विराट कोहली, रोहित शर्मा एवं मिल्खा सिंह को नृत्य के माध्यम से सम्मान दिया.कार्यक्रम के इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल संजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में स्कूल में हो रही समस्त प्रकार की गतिविधियों, किस तरीके से बच्चों को पढ़ाया जाता है एवं कैसे बच्चों के काबिलियत को ध्यान में रखते हुए उनको आगे मार्गदर्शन दिया जाता है.कैसे वह स्वयं एक एक बच्चे के घर जा कर उनके माता पिता से बच्चे के विकास हेतु विमर्श करते है .उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल में जो हॉस्टल है उसके साथ ही 6 स्टाफ क्वार्टर है जिनमें सभी फैकल्टी के टीचर्स वहीं पर रहते हैं एवं बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते हैं. स्कूल के डायरेक्टर श्री हर्षित राज चौधरी ने कहानी के माध्यम से बच्चों के पेरेंट्स को बताया की कैसे उनके दैनिक जीवन चर्या उनके बच्चो के व्यक्तित्व को आकर देता है. स्कूल के चेयरमैन डॉ राजीव चौधरी ने बताया कि खेल और शिक्षा का आपस में कितना गहरा संबंध है और हमें किस प्रकार अपने स्वास्थ का ध्यान रखना आवश्यक है साथ ही पालकों का भी उत्तरदायित्व बनता है कि वह भी अपने जीवन को इस तरह से व्यवस्थित करें कि बच्चे उसको अपने जीवन में उतार सके क्योंकि बच्चों के पहले शिक्षक तो और मां एवं पिता ही होते हैं.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी छात्रो एवं शिक्षको की सरहना करते हुए कहा की आज वर्ल्ड कप के पल याद कर के वह भी काफी भावुक हो गए एवं उन्होंने विदिशा जिले में 14 साल से कम उम्र की बच्चियों के लिए एक क्रिकेट अकादमी की स्थापना पर भी जोर दिया. इस अवसर पर स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में विजेता एवंउपविजेता को मेडल एवं सर्टिफिकेट भी अतिथियों के माध्यम से वितरित किए गए



कार्यक्रम का संचालन नीरज पटेरिया, प्रिंसी मुद्गल, मयंक रघुवंशी, तनिषा रघुवंशी, सोम रघुवंशी, धर्मेन्द्र साहू एवं अमृता विश्वकर्मा ने किया.कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह बैठकर भेंट किया एवं स्कूल की ओर से हरिस सिद्दकी ने आभार प्रदर्शन किया.

## विकसित भारत जी राम जी योजना का जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़,ग्राम** पंचायत हैदरगढ़ में ग्रामीणों को दी गई जानकारी, 125 दिनों के रोजगार की मिली गारंटी खीरी के ग्राम हैदरगढ़ के पंचायत भवन में शुक्रवार को एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना के बारे में जागरूक किया गया ग्रामीणों को इस नई योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत प्लांटेशन कराने के लिए हितग्राहियों को निर्देशित किया एवं यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का ही एक नया और उन्नत स्वरूप है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना है विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत अब ग्रामीण श्रमिकों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी पहले मनरेगा के अंतर्गत 100 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलती थी.इस नए बिल के पारित होने से भविष्य में इस योजना से जुड़ने वाले लोगों को अधिक दिनों का रोजगार मिल सकेगा.इस दौरान पंचायत भवन में एई संजय खरे उपयंत्री दिनेश दांगी एपी नीलेश सराठे सचिव हेमंत सोनी सहायक सचिव दीपिका भावसार सरपंच सुनील विश्वकर्मा उपस्थित रहे.

## परिचय सम्मेलन में कुशवाह दर्शन परिणय स्मारिका का होगा प्रकाशन

**कुशवाह समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन 1 फरवरी को गंजबासौदा में**
**सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक**

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** कुशवाह समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से मानस भवन पुराना मेला ग्राउंड गंजबासौदा में किया जावेगा. इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कुशवाह समाज की एक जिला बैठक गुरुवार को अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के तत्वाधान में गंजबासौदा में हुई. बैठक की अध्यक्षता अभा कुशवाह महिला महासभा जिलाध्यक्ष दीपा कुशवाह ने की. अभा कुशवाह महासभा जिलाध्यक्ष मनोज कुशवाह ने परिचय सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. साथ ही परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में कुशवाह दर्शन परिणय स्मारिका के प्रकाशन की जानकारी दी. उन्होंने समाज बंधुओं से स्मारिका में सहयोग एवं समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के बायोडाटा भेजने हेतु मार्गदर्शन किया. बैठक में मौजूद महासभा के पदाधिकारियों ने भी विचार रखे. इसके पूर्व बैठक की शुरुआत भगवान लवकुश की पूजा, अर्चना कर की गई. बैठक का संचालन महामंत्री कैलाश कुमार कुशवाह एवं आभार जिलाध्यक्ष मनोज कुशवाह ने व्यक्त किया. बैठक में जिला उपाध्यक्ष कैलाश बाबू कुशवाह, तहसील अध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह, तहसील विदिशा अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाह, माखन सिंह, उमाशंकर कुशवाह, वीरेंद्र कुशवाह, राजेश कुशवाह, राधेश्याम कुशवाह, महासभा भारती कुशवाह, धनराम कुशवाह, गुमानी लाल कुशवाह, भीमराज कुशवाह, उदय सिंह, खेमचंद कुशवाह, राजकुमार कुशवाह, कैलाश कुशवाह, कृष्ण चंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

**योजना** | **बस स्टैंड परिसर की बदलेगी तस्वीर, नीचे दुकानें और ऊपर विश्राम गृह का प्रस्ताव पारित**

## खंडहर बने यात्री प्रतीक्षालय के फिरेंगे दिन, बनेगा नगर परिषद का विश्राम गृह-रेवाराम

**नवभारत न्यूज**
**सांची,बरसों से खंडहर का रूप ले चुके नगर के यात्री प्रतीक्षालय के अब अच्छे दिन आने वाले हैं. नगर परिषद सांची ने नगर की छवि और सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए इस जर्जर प्रतीक्षालय को हटाकर उसके स्थान पर नगर परिषद का विश्राम गृह निर्मित करने का निर्णय लिया है.**



जानकारी के अनुसार नगर के बसस्टैंड परिसर में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन लंबे समय से बसस्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण और बसों की आवाजाही बंद होने के कारण इसका उपयोग पूरी तरह समाप्त हो गया था.परिणामस्वरूप यह प्रतीक्षालय आवारा पशुओं, वाहन पार्किंग और निराश्रित लोगों का ठिकाना बन गया तथा धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो गया. इस स्थिति से यहां आने वाले देश-विदेशी पर्यटकों के समक्ष नगर की छवि प्रभावित हो रही थी।इसी परिसर में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित होने के बाद यह स्थल सामाजिक और राजनीतिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र भी बन गया, जिससे इस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की आवश्यकता और अधिक महसूस की जाने लगी.इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने परिषद बैठक में प्रस्ताव पारित कर यात्री प्रतीक्षालय को हटाकर उसके स्थान पर विश्राम गृह निर्माण का निर्णय लिया है। प्रस्ताव के अनुसार भवन के निचले हिस्से में दुकानें बनाई जाएंगी, जिससे परिषद की आय में वृद्धि होगी, जबकि ऊपरी हिस्से में विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा, जहां नगरीय प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी.

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने बताया कि यह पुराना यात्री प्रतीक्षालय अब अनुपयोगी हो चुका है और नगर की सुंदरता पर विपरीत प्रभाव डाल रहा था.परिषद द्वारा इसके कायाकल्प का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है, शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा.खंडहर हटने के साथ ही बसस्टैंड परिसर न सिर्फ सुंदर होगा, बल्कि नगर परिषद को नई पहचान और आय का स्थायी स्रोत भी मिलेगा.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.
नि:शुल्क सेवा

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित




प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

**नाम सुधार सूचना**

भूल बस मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम रूपेश कुमार गर्ग (RUPESH KUMAR GARG ) दर्ज हो गया है । जबकि मेरा सही नाम रुपेश गर्ग (ROOPESH GARG) है जो की मेरे अन्य समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है ।

कृपया मुझे मेरे सही नाम रुपेश गर्ग (ROOPESH GARG) से ही जाना एवं पहचाना जावे ।

**रुपेश गर्ग पुत्र श्री कृष्ण मोहन गर्ग**
निवासी तिलक चौक विदिशा
(म.प्र.) पिन- 464001